भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1100

उत्तर देने की तारीख-29/07/2024

आंध्र प्रदेश में पीएम पोषण योजना

†1100. **श्री बस्तीपति नागराजू:**

श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:

श्री केसिनेनी शिवनाथ:

डॉ. बायरेड्डी शबरी:

श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में वर्ष-वार और जिला-वार, विशेषकर अनंतपुर, नांदयाल और विजयनगरम में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कवर किए गए स्कूलों और छात्रों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य में, विशेषकर अनंतपुर, नांदयाल और विजयनगरम में उक्त योजना के लिए सरकार द्वारा आवंटित और वितरित की गई धनराशि का वर्ष-वार, जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा राज्य में जिला-वार, विशेषकर अनंतपुर, नांदयाल और विजयनगरम में इस योजना की निगरानी तथा सामाजिक और वित्तीय संपरीक्षा करने के लिए जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समितियों का गठन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान समिति द्वारा जिला-वार, विशेषकर अनंतपुर, नांदयाल और विजयनगरम में आयोजित बैठकों की संख्या कितनी है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश के लिए पीएम पोषण योजना हेतु आवंटित केंद्रीय हिस्से में कोई चूक हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में, विशेषकर अनंतपुर, नांदयाल और विजयनगरम में पीएम पोषण योजना के कार्यान्वयन में महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की भागीदारी बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए हैं तथा इनका वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयन्त चौधरी)

(क): पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में अनंतपुर, नांदयाल, विजयनगरम जिलों सहित पीएम पोषण योजना के अंतर्गत शामिल किए गए स्कूलों की कुल संख्या निम्नानुसार है: -

वर्ष	कुल स्कूल	अनंतपुर में शामिल किए गए स्कूल	नांदयाल में शामिल किए गए स्कूल	विजयनगरम में शामिल किए गए स्कूल
2019-20	45484	3753	वर्ष 2022-23 में बनाए गए नये जिले	2701
2020-21	45545	3757		2701
2021-22	45180	3760		2701
2022-23	44392	1698	1368	1752
2023-24	44150	1694	1368	1751

(ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान अनंतपुर, नांदयाल, विजयनगरम जिलों सहित आंध्र प्रदेश राज्य के संबंध में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत जारी धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	जारी धनराशि (रुपए लाख में)		
	केंद्र द्वारा (60%)	राज्य द्वारा(40%)	कुल
2019-20	25139.68	14450.14	39589.82
2020-21	32664.26	18879.09	51543.35
2021-22	35731.48	20595.79	56327.27
2022-23	36531.92	21568.72	58100.64
2023-24	25122.14	7565.46	32687.60

(ग) और (घ): आंध्र प्रदेश सरकार ने बताया है कि पीएम पोषण योजना के अंतर्गत संबंधित कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संचालन-सह-निगरानी समितियां (एसएमसी) गठित की गई हैं। वर्ष 2022-23 और 2023-24 की सामाजिक लेखा परीक्षा आंध्र प्रदेश सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही और पारदर्शिता सोसायटी (एपीएसएसएएटी), ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। राज्य सरकार ने आगे बताया है कि 2019-20 के दौरान राज्य में 26 जिला स्तरीय एसएमसी बैठकें आयोजित की गईं। तथापि, कोविड महामारी के कारण 2020-21 और 2021-22 के दौरान कोई जिला स्तरीय या राज्य स्तरीय एसएमसी बैठक आयोजित नहीं की गई। वर्ष 2022-23 के दौरान, राज्य में कुल 260 एसएमसी बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें अनंतपुर, नांदयाल, विजयनगरम जिलों में प्रत्येक में 10 बैठकें हुईं। वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य में 26 जिला स्तरीय एसएमसी बैठकें हुई थीं।

(ङ): आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने बताया है कि विगत पांच वर्षों की अव्ययित शेष राशि निम्नानुसार है:

वर्ष	दिनांक 31 मार्च तक अव्ययित शेष राशि (रु. लाख में)		
	केंद्रीय (60%)	राज्य (40%)	कुल
2019-20	189.18	0.00	189.18
2020-21	189.18	0.00	189.18
2021-22	562.84	0.00	562.84
2022-23	3222.18	3770.80	6992.98
2023-24	0.00	1142.34	1142.34

वर्ष 2019-20 और 2020-21 के दौरान उपर्युक्त अव्ययित शेष राशि को भारत सरकार द्वारा पुनर्वैध किया गया था। वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक, आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा एकल नोडल एजेंसी खाते में बजट जारी किया गया था।

(च): आंध्र प्रदेश सरकार ने बताया है कि स्थानीय स्तर पर उगाई जाने वाली खाद्य सामग्री जैसे सब्जियां, मसालों आदि का उपयोग स्कूलों में पका हुआ गर्म भोजन तैयार करने के लिए किया जा रहा है। भोजन पकाने और परोसने के लिए महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) को रसोइया-सह-सहायक (सीसीएच) के रूप में नियोजित किया जाता है। किसान उत्पादक संगठनों को स्थानीय स्तर पर उगाए गए खाद्य पदार्थों की आपूर्ति हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। विगत पांच वर्षों के दौरान अनंतपुर, नांदयाल, विजयनगरम जिलों सहित राज्य में नियोजित सीसीएच का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

वर्ष	आंध्र प्रदेश राज्य में नियोजित रसोइया सह सहायक (सीसीएच) की कुल संख्या	अनंतपुर में नियोजित सीसीएच की संख्या	नांदयाल में नियोजित सीसीएच की संख्या	विजयनगरम में नियोजित सीसीएच की संख्या
2019-20	88,296	7620	0	5385
2020-21	88,296	7620	0	5385
2021-22	88,296	7620	0	5385
2022-23	88,296	4156	3338	3736
2023-24	88,296	4156	3338	3666

*****